हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 25 जनवरी 2026

06 कड़ाके की ठंड में हजारों गायों को खिलाया औषधि युक्त...



09 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं की तैयारियां संबंधी समीक्षा...





## समाचार संक्षेप

### युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला 28 जनवरी को

**गुना।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन में 28 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे शासकीय महाविद्यालय बीनागंज, चांचौड़ा (जिला गुना) में युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 8वीं से स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवा इसमें भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम में युवाओं को कौशल विकास, स्वास्थ्य, नशामुक्ति एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले भर में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन




**गुना।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सहित चांचौड़ा, राघौगढ़ एवं आरोन तहसीलों के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया गया।जिला मुख्यालय पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना वंदना त्रिपाठी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरेश बारगीया द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नालसा (आशा–जागरूकता, समर्थन, सहायता एवं कार्रवाई) मानक संचालक प्रक्रिया 2025 के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम, कन्या भ्रूण हत्या एवं लिंग चयनात्मक प्रथाओं के उन्मूलन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।इसी क्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी द्वारा पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केंट गुना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा कन्या महाविद्यालय चांचौड़ा में बालिकाओं के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील विधिक सेवा समिति चांचौड़ा, राघौगढ़ एवं आरोन के अंतर्गत संबंधित न्यायिक अधिकारियों के निर्देशन में पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा विभिन्न विद्यालयों में शिविर आयोजित कर बालिकाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

### 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज, जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा

**गुना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 का आयोजन 25 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से जिला कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन आयोग द्वारा निर्धारित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11:10 बजे मुख्य अतिथि किशोर कुमार कन्याल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, गुना सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों का कार्यक्रम स्थल पर आगमन होगा, जहां वैच द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 11:15 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अखिलेश कुमार जैन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया जाएगा।प्रातः 11:20 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संदेश प्रसारित किया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 11:30 बजे मुख्य अतिथि किशोर कुमार कन्याल द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम में लोकतंत्र की मजबूती में मतदाताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा।इसके बाद प्रातः 11:40 बजे उपस्थित नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। प्रातः 11:45 बजे अतिथियों द्वारा युवा एवं नव मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बी.एल.ओ. सुपरवाइजर, बी.एल.ओ. एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रातः 11:50 बजे प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में दोपहर 12 बजे निर्वाचन पर्यवेक्षक विजय माथुर द्वारा आभार प्रदर्शन किया जाएगा।

### प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा का किया डाक विभाग ने विशेष सम्मान

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर डाक संभाग ने किया "उड़ान सुकन्या की, सपनों को दें पंख" शुरू







### सुकन्या बालिकाओं को की गईं सुकन्या पासबुक वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





गुना डाक संभाग में चलाए जा रहे '"उडान सुकन्या की, सपनों को दें पंख'' कार्यक्रम 1 से 24 जनवरी तक चले कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि विनीत माथुर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल भोपाल के मुख्य आतिथ्य एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन गुना एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा के विशिष्ट आतिथ्य में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का समापन शहर की एक निजी होटल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन से हुआ, स्वागत भाषण अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने दिया। इस कार्यक्रम में डाकघर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों का सम्मान भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिहं लोढा का विशेष सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनीत माथुर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा ने कहा की हमारे क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादिय जी सिंधिया ने क्षेत्र की बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु स्वयं की निधि, से मई 2025 से अप्रैल 2026 तक की संसदीय क्षेत्र में जन्मी हरेक बालिकाओं का सुकन्या खाता डाकघर में खुलवा रहे हैं।

इसी बात से प्रेरित होकर मैंने भी अपने शहर की मई 2025 के पूर्व जन्मी 501 बालिकाओं के डाकघर में सुकन्या खाता स्वयं की बचत से खुलवाने का संकल्प कुछ दिन पूर्व लिया था जो आज पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री एवं हमारे सांसद महाराज साहब के पवित्र आव्हान, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, अभियान के तहत हमारे नगर की सभी बालिकाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, इसी कड़ी में मैने अपनी तरफ से गुना शहर की 501 बालिकाओं के खाते डाकघर में खुलवा दिए गए हैं। अब बच्चियों के माता पिता इन खातों में हर माह कुछ रकम जमा कर अपनी बच्चियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाएं। उन्होंने डाकघर की बीमा योजना का जिक्र करते हुए बताया कि मेरे मन में यह विचार आया कि अगर परिवार का मुखिया सुरक्षित होगा तो परिवार सुरक्षित रहेगा अगर कोई भी संकट आता है तो मुखिया का यह पैसा उसके काम आता है इसलिए मैंने सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत पहले पत्रकारों और फिर अन्य समाज के लोगों का डाक विभाग के माध्यम से बीमा करने का बीड़ा उठाया जिसमें 656 लोग अब तक लाभान्वित हो चुके हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माथुर ने कहा कि डाकघर आम जनता के विस्वास का प्रतीक है, डाकघर की सेवाएं आम जनता के हितों को लेकर बनाई जाती हैं, देश की विभिन्न बैंको से ज्यादा खाते सिर्फ डाकघर में हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो भी बच्चियां सुकन्या योजना से वंचित रह गई हैं उन सबको इसका लाभ प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन कु. प्राची त्रिवेदी शिकायत निरीक्षक ने किया । आभार प्रदर्शन गुंजन उपसंभागीय निरीक्षक गुना ने किया । इस अवसर पर चौरसिया समाज ओझा समाज और कुशवाहा समाज के प्रतिनिधियों के अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक सेवकों को पुरस्कृत भी किया गया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आयोजन शुरू करने के लिए कलेक्टर को लिखा था पत्र

## पहली बार एस्ट्रोटर्फ पर दिखेगा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का दमखम

### 2 से 8 फरवरी तक होगा 38वां ऑल इंडिया शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबर है। वर्षों के लंबे इंतजार के बाद गुना की ऐतिहासिक पहचान रही अखिल भारतीय स्व. लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता एक बार फिर पूरे शबाब पर लौट रही है। यह प्रतिष्ठित 38वीं प्रतियोगिता आगामी 2 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर की नामचीन हॉकी टीमें भाग लेंगी।इस बार प्रतियोगिता को लेकर खास उत्साह इसलिए भी है क्योंकि पहली बार एस्ट्रोटर्फ मैदान पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का रोमांचक खेल देखने को मिलेगा।

नगरपालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे सांसद एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के खेलों के प्रति विशेष लगाव और खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने की सोच के अनुरूप यह आयोजन पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। इस आयोजन को शुरू करने के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा कलेक्टर को पत्र भी लिखा गया था, जिसके बाद प्रक्रिया को गति मिली। नपाध्यक्ष ने बताया कि यह प्रतियोगिता नगरपालिका परिषद गुना के तत्वावधान में आयोजित होगी। शास्त्री हॉकी प्रतियोगिता की तिथियां हॉकी इंडिया से प्राप्त हो चुकी हैं और आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।उन्होंने कहा कि एस्ट्रोटर्फ के निर्माण के बाद यह पहला अवसर होगा, जब शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आयोजित किया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा।

नपाध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2022-23 में भी प्रतियोगिता आयोजित करने के प्रयास किए गए थे। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित कर हॉकी फेडरेशन को निर्धारित शुल्क भी भेजा गया था, लेकिन हॉकी इंडिया एवं विभिन्न टीमों के समय समन्वय में कठिनाई तथा बाद में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के कारण आयोजन टल गया था। अब सभी बाधाएं दूर हो चुकी हैं और प्रतियोगिता को भव्य एवं गरिमामय रूप में आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रभारी सीएमओ, जिला हॉकी संघ, हॉकी इंडिया मध्यप्रदेश तथा स्थानीय वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के साथ आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हो चुकी है।

प्रतियोगिता में देश की लगभग 15 शीर्ष स्तरीय टीमों के शामिल होने की संभावना है। इनमें कई ऐसे खिलाड़ी भी भाग लेंगे, जो अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबलों एवं हॉकी लीग में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं।इस प्रतियोगिता में स्थानीय हॉकी टीम को भी देश की दिग्गज टीमों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय खिलाड़ियों को नया अनुभव और पहचान प्राप्त होगी। नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने विश्वास जताया कि जिला हॉकी संघ, हॉकी इंडिया मध्यप्रदेश एवं नगरपालिका परिषद के समन्वय से यह आयोजन ऐतिहासिक, यादगार और अत्यंत सफल सिद्ध होगा। शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट न केवल गुना की खेल विरासत को पुनर्जीवित करेगा, बल्कि जिले को राष्ट्रीय हॉकी मानचित्र पर एक बार फिर मजबूती से स्थापित करेगा।

### चालकों ने लिया सुरक्षित यातायात का संकल्प

**गुना।** यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा अपने यातायात बल के साथ रेलवे स्टेशन परिसर में एक भावनात्मक, प्रेरक एवं जनहितकारी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह ने लगभग 80 ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा के महत्व तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के प्रति विस्तार से जागरुक किया गया । चालकों को समझाया गया कि यातायात नियम केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं एवं दूसरों के जीवन की रक्षा का संकल्प हैं । इस अवसर पर यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता पंपलेट्स का भी वितरण किया गया, जिससे नियमों का संदेश निरंतर जन-जन तक पहुंच सके और सुरक्षित यातायात की भावना समाज में सुदृढ़ हो । इसके पश्चात यातायात थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित सभी चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई । जिसमें सभी चालकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वह कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाएंगे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करेंगे,।

### बमौरी थाना पुलिस ने मुहाल कॉलोनी में हुई चोरी का मात्र 24 घंटे में खुलासा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील और सशक्त नेतृत्व में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बमौरी थाना पुलिस ने मुहाल कॉलोनी में हुई दुकानों में चोरी की घटना का केवल 24 घंटे के भीतर खुलासा किया।दिनांक 23 जनवरी 2026 को फरियादी पंकज धाकड़ निवासी ग्राम डोंगरखेड़ी ने बमौरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुहाल कॉलोनी में उनकी कीटनाशक की दुकान "कनक कृषि सेवा" और अनिल धाकड़ की "बैष्णवी मोबाईल" की दुकान में अज्ञात चोरों ने रात के दौरान सेंधमारी की। कीटनाशक की दुकान से 13,000 रुपए नगद और चार चांदी के सिक्के तथा मोबाईल की दुकान से 15,000 रुपए नगद और 9 मोबाईल चोरी हो गए। इसके अलावा पास की चाय की दुकान से गुटखा पाउच भी चोरी हुए।इस रिपोर्ट पर बमौरी थाना में अपराध क्रमांक 17/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी संसाधनों एवं सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण के माध्यम से आरोपी की पहचान की।पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने पर आरोपी मनमोहन उर्फ बंडा पुत्र हरि सिंह धाकड़, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम बंजारीपुरा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी सोनू सहरिया निवासी पुराना डुमैला के साथ मिलकर चोरी की घटना को स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी के सभी 9 मोबाईल, लगभग 5,000 रुपए नकद और गुटखा पाउच बरामद किए गए। चोरी में प्रयुक्त दो प्लास भी पुलिस ने जप्त किए। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि फरार आरोपी सोनू सहरिया की तलाश जारी है। इस तत्पर और सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, प्रधान आरक्षक बालस्वरूप धाकड़, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, आरक्षक परमाल अजनार और आरक्षक दामोदर की भूमिका सराहनीय रही।



### लाल परेड मैदान पर भव्य परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल संपन्न

# छात्र-छात्राओं ने दी देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




26 जनवरी को देश का 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा । इस अवसर पर गुना के लाल परेड मैदान पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह के पूर्व आज दिनांक 24 जनवरी को लाल परेड मैदान पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर की उपस्थिति में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल आयोजित की गई । यह पूर्वाभ्यास ठीक उसी क्रम एवं विधि से सम्पन्न किया गया, जैसा कि मुख्य समारोह के दिन किया जाना है । पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया । परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय द्वारा परेड का कुशलतापूर्वक संचालन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई । तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण किया गया तथा परेड द्वारा हर्ष फायर एवं मार्च पास्ट की कार्यवाही संपन्न की गई ।परेड में पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों के साथ-साथ एनसीसी, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस, शौर्य दल सहित कुल 13 प्लाटूनों ने सहभागिता की ।

रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वहन किया । इसके अतिरिक्त, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी अंतिम रिहर्सल की गई, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया । उल्लेखनीय है कि गुना जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को लाल परेड मैदान पर आयोजित होगा, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविन्द सिंह राजपूत, माननीय मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश शासन, प्रातः 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे ।

इसके उपरांत परेड की सलामी एवं निरीक्षण कर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के संदेश का वाचन किया जाएगा । मुख्य समारोह में परेड के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा विभिन्न विभागों द्वारा चलित झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी ।

### आरोन में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार 1 फरार, लाखों का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोन थाना पुलिस ने मुखबिर सूचना पर दोपहर में नई मंडी परिसर में जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 4,150 रुपए नकद, तास की गड्डी और 4 मोटर साइकिलों सहित करीब 1,74,150 रुपए का मशरूका जब्त किया। पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने एक साथी के फरार होने की जानकारी दी। सभी 7 जुआरियों के खिलाफ आरोन थाने में जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



## समाचार संक्षेप

### फिल्टर प्लांट का अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**राघौगढ़।** अध्यक्ष विजय कुमार साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा गोपीकृष्ण सागर बांध स्थित नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर फिल्टर प्लांट का भ्रमण कर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पेयजल सप्लाई कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने एवं आमजन को शुद्ध पेय जल प्रदाय करने के निर्देश दिए। समय-समय पर पेयजल टंकी की सफाई कार्य, फिल्टर प्लांट पर आवश्यक मात्रा में एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर पेयजल में डालने एवं स्टॉक में रखने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात नगर पालिका वोट क्लब का निरीक्षण किया यहाँ विगत 1 वर्ष से बंद 10 सीटर वोट के ख़राब इंजन के स्थान पर नवीन इंजन लगवा कर चालू करवाया गया एवं 4 नग नवीन पेड़ल वोट की सौगात दी। इस मौके पर उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज़ सिंह यादव द्वारा बताया गया कि पर्यटन की दृष्टि से गोपी कृष्ण सागर बांध स्थित नगर पालिका वोट क्लब पर आम नागरिकों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई जायेगी।

### मेरा युवा भारत का ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रम संपन्न



**राघौगढ़।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत केंद्र गुना जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावरिया के निर्देशन में एवं लोधा युवा मंडल के सहयोग से ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय राधौगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी प्राचार्य डॉ पूनम नामदेव एवं अध्यक्षता डॉ राजीव शर्मा द्वारा की गई एवं समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि तिलक सिंह मीना तथा अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ पूनम नामदेव द्वारा की गई एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ रजनी शर्मा,डॉ विजय सिंह कुशवाहा,कु प्रतिभा दुबे,डॉ निसार अहमद गनी, डॉ सोनाली सक्सैना,डॉ रिंकी जादव,श्रीमती मीना मेवाडे, डॉ राजीव शर्मा रहे कार्यक्रम में पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल,दौड़,गोला फेक एवं महिला वर्ग में रस्साकसी,गोला फेक, दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न युवा/युवती प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया रेफरी की भूमिका क्रीड़ा अधिकारी आशीष दुबे द्वारा बाखूबी निभाई गई । अंत में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र,शील्ड एवं मेडल से सम्मानित किया गया । अतिथि उद्बोधन में सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों का महत्व बताया गया एवं खेलों को हमेशा खेल की भावना के साथ ही खेले इस हेतु प्रेरित किया गया । खेल कार्यक्रम में सत्यम युवा मंडल के प्रतिनिधि सतीश,अंशुल सैनी,राहुल सैनी एवं महाविद्यालय स्टाफ अमर सिंह कुशवाह,अभिषेक पाटनी उपस्थित रहे तथा विशेष सहयोग रहा।

# ओटीआर और छात्रवृत्ति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार के मार्गदर्शन में पिरामल फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के ब्लॉक शिक्षा विभाग से अधिकारी संतोष धाकड़ के सहयोग से आज एक्सीलेंस स्कूल आरोन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में सभी हाई स्कूल प्राचार्य, डाटा एंट्री ऑपरेटर, निजी स्कूलों के संकुल प्राचार्य शामिल हुए।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बालक-बालिकाओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति का 100 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना, सभी विद्यार्थियों का OTR तैयार करना तथा उनकी प्रोफाइल पूर्ण रूप से बनाना रहा, ताकि छात्रवृत्ति प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना विद्यार्थियों को न करना पड़े।कार्यक्रम के दौरान पिरामल फाउंडेशन द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया तथा OTR एवं छात्रवृत्ति से संबंधित आ रही सभी समस्याओं का समाधान विस्तारपूर्वक बताया गया। यह भी तय किया गया कि आगामी दो दिवसों में सभी स्कूलों का स्टाफ विद्यार्थियों के OTR बनाने में सहयोग करेगा, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सभी स्कूल प्राचार्य एवं पिरामल फाउंडेशन से उधम सिंह लोधी तथा सोमू मोहित मारकंडे द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर लालापुरा राघौगढ़ में विद्यारंभ संस्कार का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, लालापुरा राघौगढ़ में 23 जनवरी शुक्रवार को ज्ञान की देवी मां सरस्वती के जन्मोत्सव बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यारंभ संस्कार (अक्षरारंभ) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। भारतीय परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन नौनिहाल शिशुओं का विद्यारंभ संस्कार कर उन्हें प्रथम बार अक्षर लेखन के माध्यम से शिक्षा की शुरुआत कराई जाती है। भारतीय संस्कृति मानव जीवन को 16 संस्कारों से युक्त मानती है, जिनमें विद्यारंभ संस्कार एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार है।कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम शिवालय से विद्यालय तक मुख्य मार्गों से चार वेदों की यात्रा सहित भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात शैलेंद्र साहू एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा साहू द्वारा मां सरस्वती का अभिषेक किया गया। पंडित जी के सान्निध्य में वेद पूजन संपन्न हुआ।विद्यालय में निर्मित पांच वेदियों पर नन्हे-मुन्ने शिशुओं को उनकी माताओं की गोद में बैठाकर हवन-पूजन कराया गया। मंत्रोच्चार के साथ यह धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण हुआ। इसके पश्चात शिशुओं द्वारा पाटी पूजन कर 'प्रणव अक्षर ओम्' लिखकर लेखन की शुरुआत कराई गई।इस शुभ अवसर पर गाडरवाड़ा धाम के पीठाधीश्वर महाराज दीपक पारीक की अमृतवाणी भी उपस्थित अभिभावकों को सुनने को मिली। महाराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हमारे शिशु विद्यालय नहीं बल्कि ज्ञान के मंदिर में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जहां उन्हें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्राप्त होते हैं, जो जीवन भर मार्गदर्शन करते हैं और एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण में सहायक होते हैं।इस अवसर पर 95 नन्हे-मुन्ने शिशुओं का विद्यारंभ संस्कार संपन्न हुआ तथा उनकी विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। नवप्रवेशी शिशुओं को विद्यालय की ओर से गणवेश एवं पुस्तकों की किट उपहार स्वरूप प्रदान की गई।कार्यक्रम में विद्यालय प्रांगण में 427 अभिभावक बंधुओं, माताओं एवं भैया-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के मार्गदर्शन में समस्त हवन-पूजन एवं पाटी पूजन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आरोन। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार हाई स्कूल खामखेड़ा, सेक्टर बरखेड़ा हाट में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन से उद्यम सिंह लोधी ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। वहीं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती शारदा टांडेल ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं श्रीमती जयंती सोनी एवं श्रीमती सरिता रघुवंशी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अलका कुशवाह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।




## मां अष्टभुजी माता मंदिर का किया विस्तारीकरण एवं भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघोगढ़ वसंत पंचमी पर मां अष्टभुजी खोंगरा मंदिर राघौगढ़ का विस्तारीकरण एवं भूमि पूजन सुबहः 10 बजे नौ कन्याओं के द्वारा विधि विधान से किया गया सर्वप्रथम नौ कन्याओं का तिलक लगाकर किया गया । कन्याओं द्वारा भूमि पूजन कराया गया पहाड़ों के बीच विराजमान है मां अष्टभुजी माता मंदिर जो बहुत प्राचीन मंदिर है । यह मंदिर करीब 60 साल पूर्व का है । इस पवित्र स्थान पर माताजी के मंदिर से पहले सिर्फ हनुमान जी एवं माता जी का चबूतरा हुआ करता था यहां बरसों से आ रहे लोग बताते हैं कि यहां मां अष्टभुजी स्वयं प्रकट हुई थी इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा माताजी की पूजा अर्चना के साथ उन्हें स्थापित किया गया। जब से आज तक जन सहयोग से धीरे-धीरे मंदिर को भव्यता प्रदान की जा रही है अब जन सहयोग से मां अष्टभुजी मंदिर का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है । बसंत पंचमी पर मंदिर का शुभारंभ किया गया जल्द ही मां का दरबार भव्य रूप से तैयार होगा। मां अष्टभुजी पहाड़ी पर तीनों दिशाओं से माता अष्टभुजी श्री हनुमान जी महाराज व भगवान शिव अपने परिवार के साथ विराजमान है कार्यक्रम उपरांत सभी भक्त भंडारे में सम्मिलित हुए।



## कड़ाके की ठंड में हजारों गायों को खिलाया औषधि युक्त हरिला

### एसडीएम महेश कुमार बमनाह ने भी लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन





क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इंसानों के साथ ही पशु भी मौसम की मार झेल रहे हैं। आरोन में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए गौ सेवकों ने अपनी टीम के साथ शहर की सड़कों पर मौजूद गौवंशों को औषधी युक्त हरिला खिला रहे हैं। विगत दिनों भी यही कार्यकम आयोजित किया था लेकिन आज फिर ठंड अधिक होने के चलते हरिला बनाकर खिलाया गया यह कार्य जनसेवा टीम कई वर्षों से करती आ रहे है।एसडीएम महेश कुमार बमनाह ने कहा कि नगर के गौसेवकों के साथ आज मुझे भी गऊ माता की सेवा में अपना योगदान करने को मिला है और मेरा सभी से आग्रह भी है कि आप लोग भी अपने घरों के बाहर बैठे या घूम रहे पशुओं को ठंड से बचाने के लिए कुछ न कुछ व्यवस्था जरूर करे गौ सेवा परिवार की टीम मूक पशुओं को अलाव जलाकर ठंड से बचाने का प्रयास भी कर रही है। टीम के सदस्य सभी गायों को हरिला खिला रहे हैं ताकि वो कड़ाके की ठंड का सामना कर सकें।जनसहयोग से यह अभियान चला रहा है, जो कि आगे भी जारी रहेगा। लोग गुड़ और अन्य सामग्री के रूप में टीम को सहयोग कर रहे हैं। आज भी समाज सेवियों की मदद से 50 किलो के हरीला तैयार गुड, चापर, सरसों तेल, सौंठ, अजवाइन, हल्दी, देशी घी, पीपल व अन्य औषधीय सामग्री मिलाकर तैयार किया है।

### 2 वर्ष से जलालपुर में नहीं हो रहा था स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन

# बीएमओ ने बैठक लेकर जानी समस्या, अब जल्द होगी शुरुआत

**अशोकनगर।** जलालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में आज जन आरोग्य समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक का संचालन बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा किया गया, जिनके नेतृत्व में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर गंभीर मंथन हुआ।

बैठक के दौरान यह स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया कि समुदाय की सक्रिय सहभागिता एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी रूप प्रदान किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से जन आरोग्य समिति की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की गई। यहां दो साल पहले एक आरोग्य केन्द्र स्वीकृत किया गया था लेकिन अब तक शुरू नहीं हो पाया था इसे जल्द शुरू किया जाएगा।




#### स्वास्थ्य सेवाओं के प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित चर्चा

बैठक में स्वच्छता व्यवस्था, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा, नियमित टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य संरक्षण, समयबद्ध स्वास्थ्य जांच, जन-जागरूकता गतिविधियों तथा पीएचसी की आधारभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया गया। सभी सदस्यों ने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहारिक एवं प्रभावी सुझाव प्रस्तुत किए। गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति इस बैठक में सरपंच भरका हरि सिंह यादव, सरपंच जलालपुर कमलू अहिरवार, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रणवीर सिंह रघुवंशी, बीपीएम गणेश बहरे, मोहन राठौर, हाई स्कूल प्राचार्य चंद्रभान सिंह रघुवंशी, एएनएम चंद्रकांता शर्मा, आशा सुपरवाइजर रेखा अहिरवार, सिविल सोसायटी सदस्य जसवंत सिंह रघुवंशी एवं शिवकुमार रघुवंशी सहित आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि "जन आरोग्य समिति की सक्रियता ही ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार की आधारशिला है।

## कपड़े के थैलों के वितरण से पॉलिथिन मुक्त भविष्य की ओर सार्थक पहल

**अशोकनगर।** पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता की दिशा में गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन द्वारा एक सराहनीय और अनुकरणीय पहल की गई। फाउंडेशन की संस्थापक श्वेता आनंद त्यागी के नेतृत्व में अशोकनगर जिले के ग्राम भर्रोली एवं मढ़ी में ग्रामीण महिलाओं को कपड़े के थैले वितरित किए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पॉलिथिन के बढ़ते उपयोग को रोकना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ग्राम प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ भी शामिल हुईं। कार्यक्रम का वातावरण जागरूकता,सहभागिता और सकारात्मक बदलाव के संकल्प से भरा रहा। कार्यक्रम के दौरान श्वेता आनंद त्यागी ने महिलाओं से सीधे संवाद करते हुए उनके दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि वे अधिकांशतः बाजार से सामान पॉलिथिन की थैलियों में भरकर लाती हैं, क्योंकि यह आसान और सस्ता विकल्प माना जाता है।



## बसंत पंचमी पर आचार्य कुंद कुंदस्वामी का जन्मोत्सव मनाया

**अशोकनगर।** श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा बड़े धूमधाम से बसंत पंचमी एवं आचार्य कुन्द कुद स्वामी का जन्म बडे ही धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी एवं अध्यक्ष विभा मोदी ने दीप प्रज्वलित कर मंगलाचरण किया।

तत्पश्चात महामंत्री प्रियंका जैन ने मां सरस्वती की वंदना की एवं राष्ट्रीय मंत्री ने कहा बसंत पंचमी का यह पर्व हमें ज्ञान संस्कृति एवं समृद्धि में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है मंच का संचालन वर्षा सिंघई ने किया। एकदम से माहौल उल्लास हंसी और सामाजिक एकता से सरोवर हो उठा इसी अवसर पर दो प्रतियोगिता सेल्फी प्वाइंट ग्रुप प्रतियोगिता एवं बसंत पंचमी व्यंजन एकल प्रतियोगिता रखी गई जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुनीता जैन द्वितीय स्थान पर अंजलि बर्तन एवं तृतीय स्थान पर संगीता मिर्ची सेल्फी प्वाइंट ग्रुप कंपटीशन में प्रथम स्थान पर सपना अजमेर ग्रुप द्वितीय स्थान पर अंजलि ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर अभिलाषा जैन ग्रुप नए स्थान प्राप्त किया सभी को पुरस्कार किया गया। बसंत पंचमी का त्योहार ईसागढ़ रोड स्थित गौशाला पर मनाया गया जिसमें गाय के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर हरीला बनाया एवं गाय को रोटी और गुड़ का भोजन कराया गया जिसमें करुणा सहयोग और सेवा की वास्तविक भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत हुआ। इसी के साथ श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। यह संपूर्ण आयोजन श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के सानिध्य सहयोग और निर्देशन में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर महासमिति की संरक्षक इंदू गांधी पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी पूर्व महामंत्री नम्रता बड़कुल वर्तमान अध्यक्ष विभा मोदी आदि मौजूद थे।

## सारसखेड़ी मंडल में हिंदू सम्मेलन किया आयोजित

**अशोकनगर।** अशोकनगर हनुमानगढ़ सारस खेड़ी मंडल का हिंदू सम्मेलन श्री सिद्धेश्वर धाम जगतरा पहाड़ पर संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोगों ने भाग लिया।

जिसमें मंचा सीन 108 महंत श्यामसुंदर दास जी महाराज 108 महंत ईश्वर दास जी महाराज आरोन की उपस्थिति में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर डॉक्टर दीपक मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हिंदू समाज को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर हिंदू हम सब एक हैं जात-पात की करो विदाई हिंदू हम सब भाई-भाई के संकल्प के साथ शुरू किया इसमें राम जन्मभूमि संघर्ष का इतिहास बताया और कहा कि चार लाख राम भक्तों ने बलिदान दिया 78 युद्ध हुए हम सब सौभाग्यशाली हैं कि भगवान राम लाल के भव्य मंदिर के दर्शन कर रहे है। इस अवसर पर संग के आह्वान पर जो समाज मे पंच परिवर्तन का आवाहन किया गया। सभी माता बहनों ने सभी लोगों ने संकल्प लिया इस अवसर पर कुंज बिहारी बैरागी ने कार्यक्रम का संचालन किया संघ के विभाग घोष प्रमुख हेमंत पाठक हनुमानगढ़ के ग्राम विकास प्रमुख दशरथ रघुवंशी जगपाल यादव।



### नवागत कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

# चार्ट में दोनों शिफ्ट की स्टाफ ड्यूटी का ब्यौरा करें दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शनिवार को जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि ओपीडी में आने वाले मरीजों को टोकन वितरण कर मरीजों का क्रम से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए।

जिला चिकित्सालय में मरीजों साथ रहने वाले अटेण्डरों को बैठने की समुचित व्यवस्था कराई जाए। अस्पताल के खुले भाग सीमेंटेड कुर्सियां,ब्रेंच पर्यापत मात्रा में लगवाई जाए। ब्लड बैंक में ब्लड संग्रहण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन कितने मरीजों को ब्लड दिया गया उसकी जानकारी पोर्टल पर इंद्राज की जाए। समस्त वार्डो में ड्यूटी चार्ट में चिकित्सकों एवं स्टाफ के ड्यूटी चार्ट में दोनों शिफ्टों के समय का निर्धारण स्पष्ट हो यह सुनिश्चित किया जाए। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्वास्थ सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली उन्होंने पैथॉलोजी में कितने प्रकार की जांच की जाती है इस संबंध मी जानकारी ली। इस संबंध में बताया गया कि आभा आईडी बनाकर जांच की जाती है। साथ प्रतिदिन की जांच रिपोर्ट निर्धारित पोर्टल पर दर्ज की जाती है।





कलेक्टर ने पोषण पुर्नवास केन्द्र पहुंचकर बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली । उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास के सहयोग से एनआरसी में निर्धारित बेड संख्या के मान से बच्चों को भर्ती कराया जाए। उन्होंने जिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ के आई कार्ड तथा रिबन पर जिला चिकित्सालय लिखवाना अनिवार्य किया जाए। भ्रमण के दौरान उन्होंनो रख रखाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने तथा 24 घंटे शव वाहन उपलब्ध रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में पार्क का सौन्दर्यीकरण किए जाने तथा दिन के समय अटेण्डरों के लिए खोले जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह, सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत साथ थे।

## भक्ति भाव से संपन्न हुई राम जन्म कथा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**पिपरई।** ग्राम बर्री में झारखंडी वाले राजा जू के स्थान पर आयोजित श्रीराम जन्म कथा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचक बांके बिहारी बिदूर महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उनके आदर्शों, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठा जैसे ही महाराजजी ने गाया बहे प्रगट कृपाला दीन दयाला श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ दीप प्रज्वलन कर प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन आज के समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कजराई निवासी देवेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रेश और सनमान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करैया बुद्धू निवासी अमर सिंह धाकड,और भूपेन्द्र धाकड द्वारा धर्मेन्द्र धाकड़ के साथ मारपीट की गई पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चन्देरी निवासी रामकुमार राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अविलेश साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरिया अंतर्गत दलवीर सिंह जाटव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय और विजय रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीकली निवासी ममता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भोला, अंशुल और गौरव यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भोलाराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवराज और ममता यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बांसखेडी निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्के और सीताराम केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हल्के केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोनू और गोविन्द अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। मुंगावली पुलिस ने संदीप सांसी निवासी भांतपुरा के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने ही ग्राम तारई निवासी विनोद कटारिया से 9 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ पुलिस ने रतिराम लोधी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की देहात पुलिस ने तरावली निवासी बृजेश केवट के पास से 9 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### जुए के कई अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में जुएं के कईं अडडों पर छापामार कार्यवाही की गई है। जिले की चन्देरी पुलिस ने सरकारी अस्तपाल के सामने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए घेवर,चंदन कुशवाह, कोमल अहिरवार, गोविंद पिप्पल, और नरेन्द्र अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 48 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने ग्राम पीपरी में नदी किनारे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए शैतान सिंह अहिरवार, जितेन्द्र प्रजापति, भूरा जाटव, रविन्द्र रघुवंशी, राजू रजक को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 2100 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई है। नईसरायं पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए जगदीश जाटव,श्रीलाल अहिरवार, अरूण जाटव, नीतेश जाटव के गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1400 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई हैं।

### नौकरी के नाम पर 3 लाख रुपए ठगे

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत सदर बाजार शाढौरा निवासी अंजुम बानो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अभिषेक शर्मा निवासी खड़यिा मोहल्ला शाढौरा ने नौकरी का झांसा देकर उससे 3 लाख रूपए हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### कुएं में डूबने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम म्यापुर निवासी गरीबा पुत्र कल्लू आदिवासी उम्र 27 साल की म्यापुर की सरकारी कुएं के पानी में डूबने से मौत हो गई। मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

---

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर तैयारियां पूरी

# प्रभारी मंत्री शुक्ला करेंगे ध्वजारोहण कलेक्टर और एसपी ने जायजा लिया






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गणतंत्र दिवस का जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह मोहरी स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे तथा प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगें। इस आयोजन को लेकर मुख्य समारोह में होने वाले कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का जायजा नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय, और एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने लिया।

जारी कार्यक्रम अनुसार प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण ,प्रातः 09 बजे से प्रातः 09.10 बजे तक परेड का निरीक्षण, प्रातः 09.10 बजे से प्रातः 09.25 बजे तक मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, प्रातः 09.25 बजे से प्रातः 09.40 बजे तक मार्च पास्ट, प्रातः 09.40 बजे से प्रातः 10.15 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी प्रदर्शन तथा प्रातः 10.15 बजे से प्रातः 11.10 बजे तक पुरूस्कार वितरण किया जायेगा।

इस समारोह में 13 प्लाटून परेड में शामिल होगें, जिसमें जिला पुलिस पुरूष एवं महिला प्लाटून, होम गार्ड, सशस्त्र बल, एनसीसी, स्काउट गाइड, सोर्यदल शामिल होगें। स्काउड दल में कई स्कूल शामिल होगें और गाइड दल में शासकीय कन्या विद्यालय और शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं शामिल होगीं। इस बार सबसे अधिक प्लाटून इस परेड में शामिल होगें। इस अवसर पर आकर्षक झांकियों का आयोजन भी होगा, जहां विभागों द्वारा अपने अपने योजनाओं की झांकियां आयोजन स्थल पर निकाली जाएगीं। इस अवसर पर एक दर्जन स्कूलों के बच्चों द्वारा पीटी का प्रदर्शन किया जाएगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होगें। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम और सर्वश्रेष्ठ झांकी की के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

---

### व्यवस्थाओं के लिए दिए निर्देश

## हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षाओं की तैयारियां संबंधी समीक्षा बैठक हुई



**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जिले में बेहतर हो। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाएं पर्याप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए।

इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसौदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, सहायक संचालक एन.एस.जैन सहित बोर्ड परीक्षाओं के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देश दिए कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत जिले में बोर्ड परीक्षाओं हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं केन्द्रों पर सुनिश्चित कराई जाए। निर्देशों का शत प्रतिशत पालन हो। साथ ही प्रश्न पत्रों की प्राप्ति तथा उत्तर पुस्तिकाओं की वापिसी पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था साथ कराई जाए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर मोबाईल प्रतिबंधित किये जाने तथा नकल रोकने के समुचित प्रबंध के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था,पेयजल की व्यवस्था, विद्युत, सुरक्षा,100 मीटर की परिधि के अंदर बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रखे जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा केन्द्रों की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केन्द्रों पर छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025-26 की प्रारंभिक तैयारियों के संबंध में बताया गया कि हाईस्कूल की परीक्षा 10 फरवरी 2026 से तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगी।

---

## पलकटोरी में रंगोली व दीपों से सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव मनाया

### ग्रामोत्सव कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को किया सम्मानित




**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड की नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति द्वारा सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम ग्रामोदय से अभ्युद कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत आवरी माफी के ग्राम पलकटोरी के बालाजी मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि किशनदास वैरागी एवं ग्रामीणों द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर रंगोली बनाकर दीप जलाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज यादव विकासखंड समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद ने की एवं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज यादव ने विकास और स्वावलंबन पर जोर देते हुए अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश सरकार का एक महत्वाकांक्षी अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। इस अभियान के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आर्थिक उन्नति के साथ-साथ ग्रामीणों में सामाजिक समरसता और नागरिक सेवा भाव को जागृत किया जा रहा है।

---

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अशोकनगर का जोरदार प्रदर्शन

**अशोकनगर।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 संभाग स्तरीय खेलो एम पी यूथ गेम्स में 23 जनवरी 2026 को बालिका वर्ग में खेले गए मुकाबलों में संभाग की जिलों की महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। जिसमें जिला अशोकनगर बालिका वर्ग टीम का सेमी फाइनल मुकाबल शिवपुरी टीम से खेला गया।

जिसमें शिवपुरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें निर्धारित 20 ओवरों में शिवपुरी ने 162 रनो का लक्ष्य अशोकनगर को दिया। जिसमें शिवपुरी टीम से दक्षिता यादव ने 106 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। वही अशोकनगर की ओर से अच्छी गेंदबाजी करते हुए कनिष्का रघुवंशी ने 4 विकेट ओर आंशिक रघुवंशी ने 2 विकेट हासिल किए लक्ष्य का पीछा करने उतरी अशोकनगर की टीम को ओर से सलामी बल्लेबाज राधिका रघुवंशी और आंशिक रघुवंशी ने अशोक नगर टीम को धमाके दार शुरुआत दी। जिसमें राधिका रघुवंशी की 56 रनो की ओर आंशिक रघुवंशी की 67 की नाबाद साझेदारी की बदौलत अशोक नगर ने 10 विकेट से जीत अर्जित की ओर फाइनल में प्रवेश किया। बही फाइनल मुकाबला अशोकनगर ओर ग्वालियर के मध्य खेला गया। जिसमें अशोकनगर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें समय के अभाव के कारण यह मैच 12 ओवर के कराया गया। जिसमें अशोकनगर ने निर्धारित ओवर में 67 रन बनाकर ग्वालियर को 68 रनो का लक्ष्य दिया। जिसमें अशोकनगर की ओर से राधिका रघुवंशी ने 25 रनो का ओर आंशिक रघुवंशी ने 28 का योगदान दिया। वही लक्ष्य के पीछे करने उतरी ग्वालियर की टीम ने लक्ष्य को 10 ओवरों में हासिल कर लिया। जिसमें अशोक नगर की ओर से गेंदबाजी में कनिष्का रघुवंशी ने 1 विकेट ओर तनु चैहान से 1 विकेट अर्जित किया। ग्वालियर की टीम विजेता और अशोकनगर की टीम जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में उप विजेता रही। खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया कि टेबल टेनिस की टीम ने संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल खेल में जिला शिवपुरी की तरफ से अशोकनगर की चार बालिका खिलाड़ियों ने शिवपुरी को विजेता बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

### शाउमा उत्कृष्ठ विद्यालय में आयोजन

## बालिका दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन कर दी जानकारी



**अशोकनगर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उ0 मा0 विद्यालय, मोहरी रोड़ अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें न्यायाधीश, सचिव मनीष अनुरागी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा,जिला परियोजना अधिकारी महिला एव बाल विकास अधिकारी चन्द्रशेना भिडे और सी0डी0पी0ओ0 तृप्ती शर्मा भी उपस्थित रहीं। उक्त शिविर में न्यायाधीश, हर्षिता शर्मा गौड़ द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, कानून बनने की प्रक्रिया, संविधान की उद्देशिका विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी। न्यायाधीश सचिव मनीष अनुरागी द्वारा उपस्थित समस्त छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि हमारे समाज में लड़कियों को लड़कों की अपेक्षा कम आंका जाता है। उन्हें पढ़ने के अवसर नहीं मिलते, वक्त से पहले शादी करा दी जाती है और फिर बच्चे की जिम्मेदारी। उन्हें अपने सम्मान और अधिकार के लिए भी लड़ना पड़ता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य लड़कियों को उनके अधिकारों और शिक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ-साथ स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

इसी क्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा बालिकाओं हेतु चलाई जा रही योजनाओं जिन मे बेटी बचाओ बेटी पढाओ गर्भधारण पूर्ण और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994, दहेज प्रितिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजना- निशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्यस्थता, लोक अदालत की विस्तृत जानकारी दी।

---

## पिपरई नगर में चला पहली बार प्रशासन का पीला पंजा

### नगर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप



**पिपरई।** नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने मुख्य बाजार, सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को भी हटाया।

प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से सड़क पर लगाए गए ठेले, अवैध दुकानों, टीन शेड और पक्के निर्माण को हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा था और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद यह सख्त कदम उठाया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से नगरवासियों ने राहत की सांस ली और अभियान की सराहना की।

---

## महिलाओं को गालियां और युवकों को प्रेमजाल में फंसाने वाली दबोची

### अश्लील मैसेज भेजकर करती थी ब्लैकमेल

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन मे आई.टी एक्ट के प्रकरण में मध्यप्रदेश के हेलोक्राइम नाम से प्रसिद्ध ग्राम थोना जिला निवाड़ी के फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश कर एक आरोपिया को ग्राम थोना जिला निवाड़ी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.09.2025 को थाना शाढौरा अंतर्गत सेमरी निवासी फरियादिया ने थाना शाढौरा पर अज्ञात मोबाइल धारकों द्वारा फोन लगाकर एवं व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजकर पीड़िता को मानसिक प्रताड़ति किए जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसपर से थाना शाढौरा में अपराध क्रमांक 242/25 कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी शाढौरा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षक सुनील सिकरवार थाना शाढौरा, द्वारा उनि0 संध्या रघुवशी थाना शाढौरा



के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उक्त अपराध के गिरोह का पर्दाफाश कर एक आरोपिया निधि यादव पुत्री भूपेन्द्र यादव उम्र 24 साल निवासी थोना जिला निवाड़ी को गिरफ्तार कर अपराध सदर में प्रयुक्त मोबाइल व सिम को जप्त किया गया है। आरोपिया ने पूछताछ पर बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ फर्जी सिमों का उपयोग कर मध्यप्रदेश के कई जिलों के युवक युवतियों को प्रेमजाल में फँसाकर एवं मानसिक प्रताड़ति कर पैसे एठने का काम करती है।

---

## शिक्षाविद आशाराम पाराशर को श्रद्धांजलि देने जुटे सैकड़ों लोगों के साथ विशिष्टजन



**अशोकनगर।** एक छोटे गांव पछार के रूप में देखा और फिर इसी शहर को भौतिक संपन्न होते हुए जिले के विकसित स्वरूप में बढ़ते हुए देखा अशोकनगर में जन्मे गुरु आशा राम पाराशर द्वारा समाज सेवा और शहर विकास के विभिन्न मंचों पर दिए गए योगदान को शहर वासियों ने गुरु आशाराम के परलोक गमन के बाद श्रद्धांजलि सभा में पाराशर के योगदान ओर शहर निर्माण में उनकी भूमिका पर संस्मरण सुनाए । शहर स्थित युवराज स्कूल मैदान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर तथा अन्य स्थलों से लोग गुरु आसाराम जी को भाव सुमन अर्पित करने पहुंचे थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन कर रहे महेंद्र कुमार जैन द्वारा भी निधन उपरांत लोगो के बीच यादें ताजा की तो बही विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय ने इस अवसर पर स्व पाराशर के जीवट व्यक्तित्व पर कहा युवाओं में जोश देने वाली आवाज सदैव सेवा के लिए युवाओं को सेवा की राह पर लोगो की हर संभव मदद में उनके आदर्श जीवन को भुलाया नहीं जा सकेगा, परासर ने स्वस्थ जीवन के 89 वसंत पार करते हुए भरा पूरा सभ्य प्रतिष्ठित परिवार छोड़ कर इस नश्वर जगत से विदा लेकर जगदीश की यात्रा पर निकल पड़े। इसमें स्व पाराशर के बड़े पुत्र राजेश पाराशर, सचेंद्र पाराशर, उपेंद्र पाराशर सहित परिजन ओर ईष्ट मित्र उपस्थित रहे ।

---

### अंचल में बसंत पंचमी पर कई कार्यक्रम हुए आयोजित

## समाज के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन किया



**अशोकनगर।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज के ज्ञानोदय दिवस बसंत पंचमी पर वैष्णव छीपा समाज द्वारा स्थानीय विदिशा रोड स्थित गुरु कृपा कॉलोनी में समाज के विट्ठल धाम मंदिर पर समाज जनों द्वारा धूमधाम से बसंत उत्सव मनाया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष गोपाल नामदेव ने बताया कि संत शिरोमणि के ज्ञानोदय दिवस पर समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें समाज के अध्यक्ष, समिति सदस्यों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

शुभारंभ में माता सरस्वती जी तथा संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज का पूजन अर्चन एवं हवन किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में आमंत्रित नामदेव दर्जी समाज के जिला अध्यक्ष रघुवीर नामदेव, एवं समिति सदस्यों,स्थानीय तथा बाहर से पधारे समाज बंधुओ का सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष गोपाल नामदेव ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी के सहयोग से समाज के मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है,मंदिर के भव्य प्रवेश द्वार का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में समाज की महिलाएं आगे आएं। कार्यक्रम के दौरान ही समाज की महिलाओं ने मंदिर निर्माण के लिए यथाशक्ति आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान ही समाज की महिलाओं ने समाज सेवा के लिए महिला मंडल बनाने की इच्छा जताई जिस पर समाज के रमेश चंद्र ढोटिया ने घोषणा की जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा समाज सेवा के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम को रमेश चंद्र ढोटिया,नरेंद्र असावरा ने भी संबोधित किया। बसंत पंचमी के एक दिन पूर्व मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

---

## श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब, भगवान के 24 अवतारों का दिव्य प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल युगल सरकार मंदिर प्रांगण में इन दिनों भक्ति की गंगा बह रही है। आगामी 23 जनवरी से शुरू हुए भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं ने कथा व्यास के मुखारविंद से भगवान की महिमा का रसपान किया।

**24 अवतारों की कथा से जीवंत हुआ पंडाल:** कथा के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा व्यास यशवंत मिश्रा ने भगवान के 24 अवतारों का अत्यंत मार्मिक और विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने विभिन्न रूपों में अवतार लेकर भक्तों का कल्याण किया है। व्यास पीठ से महाराज ने कहाश्रीमद् भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का विषय है। भगवान के प्रत्येक अवतार के पीछे लोक कल्याण का गहरा संदेश छिपा है। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। मुख्य यजमान पवन यादव (सरपंच, बिजोरी) ने विधि-विधान से पोथी पूजन और आरती संपन्न की। इस पावन अवसर पर अशोकनगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा पंडाल पहुंचे।

### खिलचीपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत बरुखेड़ी का मामला, एसएनसीयू में इलाज जारी

# अमानवीयता: 5 घंटे के नवजात को कड़कड़ाती ठंड में लावारिस छोड़ा

पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

नवजात को कस्टडी में लेकर खिलचीपुर में ट्रीटमेंट करवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। खिलचीपुर थानाक्षेत्र के बरुखेड़ी गांव के समीप अज्ञात व्यक्ति 4, 5 घंटे के नवजात शिशु को भीषण सर्दी और शीतलहर के बीच लावारिस हाल में छोड़ गया। पुलिस को मिली सूचना के बाद नवजात को कस्टडी में लेकर खिलचीपुर में उसका प्रायमरी ट्रीटमेंट करवाया गया। बाद में नवजात को जिला चिकित्सालय की नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई(एसएनसीयू) में रेफर कर दिया गया जहां उसका ईलाज जारी है। मामले में पुलिस एवं बाल कल्याण समिति अपने स्तर से कार्यवाही कर रही है। थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 8 बजे बरुखेड़ी गांव से एक व्यक्ति ने डायल-112 पर सूचना दी कि एक स्थान पर जीवित नवजात शिशु(बालक) लावारिस हाल में पड़ा है। पुलिस के पहुंचने के पूर्व स्थानीय ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने शिशु की देखभाल की। जानकारी लगने पर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नवजात को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक ट्रीटमेंट के बाद शिशु को एसएनसीयू की राजगढ़ यूनिट में रेफर कर दिया गया।

#### एसएनसीयू में इलाज जारी

एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आर.एस. माथुर ने बताया कि नवजात शिशु लगभग पूरी तरह स्वस्थ है। जन्म के समय बच्चे का औसत वनज ढाई किलो रहना चाहिए पर यह शिशु लगभग 2 किलो का है। उसकी स्वश्न क्रिया में भी कोई प्राब्लम नहीं है। एसएनसीयू की टीम लगातार बालक की देखभाल में लगी हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में इसके पूर्व भी कईं बार नवजात शिशुओं को लावारिस हालत में छोड़े जाने के कईं मामले सामने आ चुके हैं।

#### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला

उधर, खिलचीपुर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 91 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने बताया कि हमारा पहला प्रयास नवजात शिशु की उचित देखभाल एवं ईलाज रहा। एफआईआर दर्ज करने के उपरान्त अब आगे की विवेचना जारी है।

#### बाल कल्याण समिमि अध्यक्ष ने जाना हाल-चाल

जानकारी उपरान्त बाल कल्याण समिति राजगढ़ के अध्यक्ष साकेत शर्मा सहित आरएमओ डॉ. अमित कोली ने एसएनसीयू पहुंचकर शिशु का हाल-चाल जाना। उन्होंने एसएनसीयू स्टाफ को शिशु की उचित देखभाल एवं केयर के निर्देश प्रदान किए।

### राजगढ़ क्षेत्र के पूर्व सांसद ने अपनी ही पार्टी पर कसे तंज

# कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को नहीं दी जाती तवज्जो: लक्ष्मण सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से पांच बार के सांसद रहे एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज लक्ष्मण सिंह शनिवार को स्थानीय सर्किट हाऊस में मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में गौमाता की दयनीय हालत का पर चर्चा की वहीं अपनी ही कांग्रेस पार्टी एवं पार्टी के नेताओं पर भी कुछ तंज कसे।

उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस नीचे से चले और कार्यकर्ताओं से पूछकर निर्णय लिए जाएं, कार्यकर्ताओं से पूछकर टिकिट दिए जाएं तो कांग्रेस आज सत्ता में आ सकती है। आगे उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों में प्रदेश में कांग्रेस नहीं आ पाई है उसके बहुत से कारण है। कांग्रेस में अब धर्मनिरपेक्षता वाली छवि नहीं बची है। पार्टी में धर्मनिरपेक्षता की सोच रखने वाले नेता कम हो गए हैं। इंदौर से दूषित पानी से हुई कईं लोगों की मृत्यु मामले पर उन्होंने कहा कि इस गंभीर मुद्धे को ही कांग्रेस सही तरीके से नहीं उठा पाई। कईं लोगों की मौत के मामले में तो अब तक मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए था लेकिन इस्तीफा छोड़िए विभाग तक नहीं बदला गया है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह संघर्ष करके पूर्व में सरकारें बनाई है, वैसा संघर्ष अब मैदान में नहीं दिख रहा है। श्री सिंह ने अन्य मुद्धों पर भी चर्चा की साथ ही कहा कि वे आज भी कांग्रेस पार्टी के ही सदस्य है।

#### गोवंश की स्थिति पर जताई चिंता

प्रदेश की सड़कों, हाईवे सहित यहां-वहां लावारिस हाल में घूम रहे गौवंश की दयनीय हालत पर भी सिंह ने चिंता जताई। उन्होंने इस पर प्रदेश सरकार को भी आड़े हाथों लिया।

## सिर के ऊपर से निकला ट्रैक्टर का टायर, युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शनिवार को पाटरी गांव के समीप हुए एक हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बोरखड़िया थाना दांगीपुरा राजस्थान निवासी इंदर पिता भारमल उम्र 35 वर्ष अपने ही टैक्टर-ट्रॉली से पाटरी के समीप गिट्टी, पत्थर लेने आया हुआ था। इस दौरान पाटरी के समीप ट्रॉली को खड़ा करने में उसका स्टैंड फंस गया। जब वो स्टैंड को निकालने का प्रयास कर रहा था इस दौरान टैक्टर लुढ़का और उसका टायर सिर के ऊपर से होकर निकल गया। घटना की जानकारी लगने पर डायल 112 वाहन की मदद से घायल इंदर को जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया गया।

### बालिकाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान की

# बालिका दिवस पर साक्षरता और विधिक जागरुकता शिविर आहूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में साक्षरता एवं विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल, सारंगपुर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायधीश आकांक्षा कत्याल उपस्थित रहीं।

शिविर को संबोधित करते हुए श्रीमती कत्याल ने छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों एवं बालिकाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज के समय में बालिकाओं को विशेष रूप से सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि वर्तमान युग सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का है, जहां भ्रामक सूचनाएं और साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। न्यायाधीश श्रीमती कत्याल ने साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, व्यक्तिगत जानकारी की चोरी एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को सलाह दी कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अभिभावकों या कानून विशेषज्ञों को दें, ताकि समय रहते अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में हाउस कमांडर बालिका प्रज्ञा शर्मा को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# विभिन्न धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए राज्यमंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



राज्यमंत्री मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को अपने गृहग्राम सेमलापार में आयोजित सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति में सहभागिता की। इस धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा ग्राम वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-यज्ञ और श्रद्धालुओं की भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

मंत्री श्री पंवार भगवान श्री हरि विष्णु से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दिव्य अनुष्ठान से क्षेत्र में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने के साथ ही तथा समाज में धर्म, संस्कार और सेवा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। इसके उपरान्त छठ महापर्व के तहत श्री पंवार ने ग्राम सलेहपुर स्थित देवस्थान में भगवान दत्तात्रेय के दर्शन किए। उन्होंने जिले एवं प्रदेशवासियों हेतु सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में मंत्री पंवार ने ग्राम पाडली महाराजा में भगवान देवनारायण के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद करते हुए सभी को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

#### नवनिर्मित गोशाला में किया पूजन अर्चन

पाडली महाराजा में जनसहयोग से नवनिर्मित श्री रामकृष्ण गोशाला का भी मंत्री पंवार ने पूजन-अर्चन किया। उन्होंने गोशाला को सेवा, करुणा और संस्कारों का सजीव प्रतीक बताते हुए कहा कि गो-संरक्षण भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा है और ऐसे प्रयास समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# स्वनिधि योजना में हितग्राहियों के खातों में डाली गई राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत पंजीकृत हुए करीब एक लाख हितग्राहियों को स्वीकृत ऋण स्वीकृत राशि उनके खाते में अंतरित की गई है। साथ ही व्यवसायियों के लिए क्रेडिट कार्ड योजना का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया जिसका का लाइव प्रसारण नगर परिषद के सभा कक्ष में किया गया। इस दौरान निकाय क्षेत्र के 22 हितग्राहियों 9 लाख 60 हजार के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड योजना के संबंध में जानकारी प्रदान कर उनको शासन से मिलने वाले ऋण राशि का उपयोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने एवं समय पर किश्तों का भुगतान करने की समझाईस दी गई। सीएमओ हरिओम शर्मा, राधेश्याम दांगी, ओंकार मंडलोई, रमेश मालवीय, गोपाल दांगी, कमल भावसार, मनोहर दांगी, राकेश मंडलोई आदि मौजूद रहे।

# गुर्जर समाज ने मनाया आराध्यदेव का 1114वां जन्मोत्सव, पूजा-अर्चना सहित हुए आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण का जन्मोत्सव समाजजानों द्वारा धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। मुख्यालय पर खुजनेर रोड स्तिथ एक स्थल पर अनेकों श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एकत्रित हुए एवं पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना भगवान देवनारायण से की।

इस दौरान समाजजनों ने सामाजिक एकजुटता और समरसता के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए वहीं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बनाई गई। इस अवसर पर भाजापा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, जनपद पंचायत अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, फूलसिंह तंवर, रमेश तंवर, श्याम मंडलोई सहित मंदिर समिति सदस्यों में शामिल धीरपसिंह पटेल, भगवान सिंह गुर्जर, जगदीश पटेल, पप्पू गुर्जर, देवसिंह, बालूसिह, सुजान सिंह, जगदीश मंत्री, भारत सिंह, दीपक, बंटी, फूलसिंह अजीत सिंह, रोशन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सुख, शांति, समृद्धि की कामना के साथ निकाली पोती यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

प्रतिवर्ष की परंपरानुसार नगर एवं क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ इस वर्ष भी पोती यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन अखंड रामायण समिति के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। यात्रा का शुभारंभ स्थानीय झाली आश्रम मंदिर से हुआ जहां से यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों, मुख्य बाजार, छत्री चैराहा, दीनाजी चैराहा, फूलबाग, बलवटपुरा, अर्जुन गौशाला से होते हुआ बड़े महादेव मंदिर पहुंची। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रृद्धालुओं व संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा से यात्रा का स्वागत, अभिनंदन किया गया। पूरे नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा और जयकारों से सड़कों पर भक्ति की गूंज सुनाई दी।

### बाउंड्रीवॉल का भी होगा निर्माण, भूमिपूजन संपन्न

# सारंगपुर महाविद्यालय को 6 अतिरिक्त कक्षों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



स्वामी विवेकान्द शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर परिसर के लिए शासन ने करीब पौने 2 करोड़ रुपए की लागत से 6 अतिरिक्त कक्ष निर्माण को स्वीकृति दी है। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में 2 करोड़ की लागत से बाउन्ड्रीवाल भी बनाई जाएगी।

उक्त दोनों कार्यों हेतु राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य एवं जनभागीदारी समिति एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष पी एस मंडलोई की उपस्थिति में निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि शिक्षा के बुनियादी ढांचे का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बाउंड्रीवॉल एवं अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से महाविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। साथ ही मंत्री टेटवाल ने विद्यार्थियों से अपने घर के आगे तीन पेड़ लगाने का आगृह करते हुए स्वच्छता की भी शपथ दिलवाई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य उपस्थिति रहे।

### अपनी तरह की पहली सात दिवसीय यात्रा, 30 को होगा समापन

# गणेश पूजन उपरांत आरंभ हुई 84 हनुमान दर्शन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर के सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में पहली बार अपनी तरह की एक विशेष सात दिवसीय 84 हनुमान दर्शन यात्रा का शनिवार को शुभारंभ हुआ। स्थानीय गणेशजी की छत्री स्थित प्रथम पूज्य भगवान गणेशजी की पूजा-अर्चना एवं आरती उपरान्त ढोल-ढमाकों, आतिशबाजी के बीच आरंभ हुई यात्रा में नगर के अनेकों श्रृद्धालु एवं हनुमान भक्त सम्मिलित हुए।

यात्रा के प्रथम दिवस शिवजी की छतरी वाले हनुमान मंदिर, हनुमानगढ़ी वाले हनुमान, पारायण समिति वाले हनुमान, रुद्रावतार हनुमान, बालमुखी हनुमान मंदिर शंकर कॉलोनी, कष्टहरण बाल हनुमान, महादेव मंदिर नागर मोहल्ला, खड़े हनुमानजी नागर मोहल्ला, बिजली घर वाले हनुमानजी, बमबम आश्रम स्थित संकट हरण हनुमान, पुरानी नपा स्थित सर्वसिद्ध हनुमान के दर्शनों उपरान्त पाटीवाली माता स्थित हनुमान मंदिर पर यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। यात्रा के मध्य में मनकामनेश्वर मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा, आरती एवं भोज, प्रसादी का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा रखा गया।

#### अंतिम दिवस जालपा माता पहाड़ी की करेंगे परिक्रमा

यात्रा संयोजक दीपक शर्मा ने बताया कि इस सात दिवसीय यात्रा के अलग-अलग दिनों में नगर एवं आसपास क्षेत्र के 84 हनुमान मंदिरों के दर्शन भक्तों द्वारा किए जाएंगे। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त वीर हनुमान के सभी मंदिरों के दर्शन का सौभाग्य इस यात्रा में सम्मिलित हो रहे भक्तों को प्राप्त होगा। यात्रा के अंतिम दिवस क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा पर्वत की परिक्रमा सैकड़ों श्रृद्धालुओं द्वारा की जाएगी।